Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Koli Shri Ramswaroop

>

Title : Need to increase the loan amount to farmers under credit card scheme.

श्री राम स्वरूप कोली (बयाना) : सभापति जी मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि किसानों की भलाई के लिए सरकार ने क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं, परन्तु उनके माध्यम से किसानों को बहुत ही कम धनराशि प्राप्त होती है। मुझे दुख होता है कि मेरे ही क्षेत्र में भूमि की कीमत एक लाख रूपये प्रति बीघा है। वहां किसानों को प्रति बीघा 3 हजार रूपये मात्र ही कर्जा मिलता है, वह भी अपनी भूमि के स्वामित्व संबंधी सारे दस्तावेज गिरवी रखकर। लेखपाल सहित राजस्व अधिकारियों से लेने तथा अनुकूल लिखाने के लिए उन्हें काफी रिश्वत देनी पड़ती है। अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखकर भूमि की कीमत की 70 प्रतिशत धनराशि क्रेडिट कार्ड के जरिए किसानों को कर्जे के रूप में दी जाए, जैसा कि व्यापारिक बैंक व्यापारियों के माल को गिरवी रखकर कैश क्रेडिट कार्ड स्कीम के अंतर्गत देते हैं।

महोदय, किसानों की फसल को बेचने के लिए नदवई कृाि उपज मण्डी, खेडली कृाि उपज मण्डी एवं मण्डावर महवा, कृाि मण्डी बहुत बड़ी हैं। किसानों को आने जाने की सुविधा के नदवई-खेडली, महवामण्डावर स्टेशनों पर मरुधर रेल गाड़ी का ठहराव किया जाए। मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वे किसानों के हित के लिए यह काम अवश्य करें।